Ph.No. 0151 - 2540028 (O)
2549348 (Fax)
regrajuvas@gmail.com

सूचना का अधिकार
RIGHT TO INFORMATION

।पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्।

RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCES, BIKANER

Dr. Vishnu Sharma
Vice-Chancellor

प्रथम अपील संख्या 147/2020

श्री गिरधारीलाल
डी–201,बसन्त बिहार
झुझनू

अपीलार्थी

बनाम

कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी,
राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,
बीकानेर

प्रत्यर्थी

अपील प्रस्तुत करने की दिनांक 07.11.2020
अपील में निर्णय की दिनांक 05.01.2021

निर्णय

अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत यह प्रथम अपील मूल आवेदन पत्र दिनांक 10.8.2020 के माध्यम से कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर से चाही गई सूचना के क्रम में लोक सूचना अधिकारी द्वारा पत्रांक F(1130)/RAJUVAS/Reg,./RTI/2020/429 दिनांक 15.10..2020 द्वारा दिये गये प्रत्युत्तर/सूचना से असंतुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत की गयी है।

प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार से है कि अपीलार्थी/आवेदक ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आवेदन पत्र दिनांक 10.08.2020 प्रस्तुत कर सूचना चाही गयी। जिस पर कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी अपने पत्रांक F(1130)/RAJUVAS/Reg,./RTI/2020/429 दिनांक 15.10.2020 से आवेदक को प्रत्युत्तर प्रेषित किया गया। अपीलार्थी/आवेदक द्वारा चाही गयी सूचना व कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजुवास, बीकानेर के उक्त वर्णित पत्र दिनांक 15.10.2020 के द्वारा अपीलार्थी/आवेदक को प्रेषित प्रत्युत्तर/सूचना का विवरण निम्नानुसार है :–

क.सं.	वांछित सूचना	प्रत्युत्तर/सूचना
1.	रजिस्ट्रार राजुवास बीकानेर पशु चिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्व विधालय, बीकानेर में मादा प्रसूति व मादा रोग विभाग(Vety Gynal & abstt) के विभागाध्यक्ष डॉ. गोविन्द नारायण पुरोहित द्वारा जनवरी 2010 से जुलाई 2020 के मध्य के प्रकाशित समस्त रिसर्च पेपर/Review articles/case report/ short cumnication की सूचि तथा इसी काल You tube पर प्रकाशित vedio तथा Book की सूचि उपलबध करवायें तथा इन सभी की सक्षम अधिकारी से प्राप्त अनुमति की प्रतियां उपलब्ध करवायें।	आप द्वारा वांछित बिन्दू संख्या 1 से संबधित सूचना के कुल 20 पृष्ठ प्रमाणित प्रति संलग्न है। साथ ही डॉ.गोविन्द नारायण पुरोहित के समस्त प्रकाशन रिसर्चमेट,एकेडेमिया,स्किब्ड आदि साइट पर उपलब्ध है तथा पुस्तक बूबलाईन थेरिओजेनॉलॉजी अंतर्राष्ट्रीय वेटरनरी सूचना सर्विस (WWW.ivis.org) साइट पर उपलब्ध है
2.	डॉ.गोविन्दनारायण पुरोहित द्वारा प्रकाशित case reports (जनवरी 2010 से जुलाई 2020)कीclenice में case handle करने की दिनांक व outdoor clinical number की संख्या की सूचना ,outdoor clinical register के पेज की प्रति के साथ उपलब्ध करवायें।	बिन्दू संख्या 2 से संबंधित सूचना के कुल 18 पृष्ठ प्रमाणित प्रति संलग्न है।

अपीलार्थी द्वारा कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजुवास, बीकानेर के पत्र दिनांक 15.10.2020 द्वारा प्रदत्त सूचना/प्रत्युत्तर से संतुष्ट नहीं होने का उल्लेख करते हुए यह प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील को दर्ज रजिस्टर किया गया तथा विश्वविद्यालय के रजिस्टर्ड पत्रांक एफ (अ–147/20)VCS/RAJUVAS/RTI/2020/461 दिनांक 18.12.2020 के द्वारा अपील में सुनवाई हेतु अपीलार्थी को व्यक्तिशः उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करने का विकल्प दिया गया। आज सुनवाई दिनांक 05.01.2021 को अपीलार्थी अनुउपस्थित रहा। दौराने सुनवाई कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी की और से पक्ष प्रस्तुत कर अवगत करवाया गया कि अपीलार्थी/आवेदक के द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में पत्र दिनांक 15.10.2020 के द्वारा विश्वविधालय के रेकार्ड अनुसार सूचना प्रेषित कर दी गई। अतः अपील निरर्थक हो चुकी है। उक्त तथ्य के मध्यनजर प्रत्यर्थी पक्ष में अपील को खारिज करने की प्रार्थना की है।

मैने उभयपक्ष द्वारा प्रस्तुत तथ्यों का मनन् किया एवं अभिलेख का परिशीलन किया। उक्त वर्णित तथ्यों, तर्को, संबधित अभिलेख व नियमों के परिप्रेक्ष्य में अधोहस्ताक्षरकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुॅचते है कि कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपीलार्थी/आवेदक को पत्र दिनांक 15.10..2020 से प्रत्युत्तर/सूचना प्रदान की जा चुकी है तथा कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी द्वारा आवेदन के निस्तारण में संपादित की गई कार्यवाही उचित है। ऐसी स्थिति में उक्त तथ्यों व आधारों पर अपील अपीलार्थी आगे लम्बित रखे जाने का कोई औचित्य नही है अतः अपील अपीलार्थी उक्त तथ्यों व आधारों पर खारिज की जाती है। निर्णय खुले चैम्बर में सुनाया गया। निर्णय प्रति उभयपक्षों को सूचनार्थ प्रेषित की जावे।

5/1/21

(डॉ. विष्णु शर्मा)
कुलपति एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी,
राजुवास, बीकानेर